## समाचार संक्षेप

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने किया मतदान

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज सवेरे रायपुर के धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र में मतदान किया। उन्होंने और उनकी मां अनिता बाबासाहेब कंगाले ने आम मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर मतदान किया। वे मतदान शुरू होने के 15 मिनट पूर्व ही अपने मतदान केंद्र पहुंच गई थीं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कंगाले ने मतदान केंद्र में मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा भी लिया। धरमपुरा पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में दो मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कंगाले ने इस दौरान लोगों से अपने परिवार के सभी मतदाताओं सहित मतदान अवश्य करने की अपील की। उन्होंने लोकतंत्र के इस त्योहार में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी के लिए 'छोड़कर सारे काम सबसे पहले करें मतदान' का संदेश दिया।

### कलेक्टर और संभागायुक्त ने सपत्नीक किया मतदान

रायपुर, 08 मई (एदेंसी)। लोकसभा निर्वाचन के तहत रायपुर संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने आज सपत्नीक पुरैना मतदान केंद्र पहुँच कर वोट डाला। उन्होंने पुरैना प्राथमिक शाला भवन में स्थापित मतदान केंद्र में सुबह सबसे पहले पहुँच अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद उन्होंने सेल्फी जॉन पहुँच कर फोटो भी खिंचाई और सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करने का सन्देश दिया। संभागायुक्त ने मतदान दल का उत्साह बढ़ाया और मतदान केंद्र मे सुरक्षा और सुविधाओं का भी जायजा लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने आज सपत्नीक बीपी पुजारी स्कूल पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने मतदान के बाद सेल्फ़ीज़ोन में सपत्नीक फोटो भी ली। डॉ सिंह ने सभी मतदाताओं से मतदान की अपील भी की।

### मुख्यमंत्री के सचिव ने किया मतदान

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तीसरे चरण के मतदान के दौरान मुख्यमंत्री के सचिव एवं जनसंपर्क सचिव पी. दयानंद ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शैलजा के साथ देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी रायपुर के आदर्श मतदान केंद्र क्रमांक 52 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी नागरिकों को निर्भिक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

### वोटर टर्न आउट एप के माध्यम से जान सकते हैं वोटर टर्न आउट की अद्यतन स्थिति

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़ और सरगुजा लोकसभा क्षेत्र में मतदान तिथि 7 मई को आम नागरिक मतदान प्रतिशत की जानकारी वोटर टर्न आउट मोबाइल एप का उपयोग कर देख सकते हैं। वोटर टर्नआउट एप के माध्यम से वोटर टर्न ऑउट (मतदान प्रतिशत) की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। माना बस्ती नहर पुलिया के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो युवक घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजू निर्वान्स 25 वर्ष अपने दोस्त ईरफान और आरीफ के साथ बाइक क्रमांक सीजी 04 डीएक्स 9648 से कहीं जा रहा था।

# जिले में मतदान के प्रति लोगों में दिखा भारी उत्साह



दुर्ग 08 मई (एजेंसी) लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दुर्ग लोकसभा के निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। मतदान के प्रति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का भारी उत्साह देखा गया। वे स्वस्फुर्त मतदान हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंचे एक ओर जहां नये युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति ललक थी, वहीं वृद्धजन एवं महिलाएं भी पीछे नहीं थीं। शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया गया था। पुलिस अधिकारी, फोर्स लगातार गश्त कर रहे थे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदान दलों को पुलिस प्रशासन द्वारा बेहतर सुरक्षा मुहैय्या कराई गई थी।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रारंभिक संकलित जानकारी अनुसार जिले में 67.34 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान लगाया गया है। अंतिम समाचार लिखते तक जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अंतिम जानकारी संकलित की जा रही है। दुर्ग लोकसभा अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 62-पाटन में 71.23 प्रतिशत, 63-दुर्ग ग्रामीण में 69.49 प्रतिशत, 64-दुर्ग शहर में 63.78 प्रतिशत, 65-भिलाई नगर में 59.86, 66-वैशालीनगर में 63.84 प्रतिशत, 67 अहिवारा में 68.48, 68 साजा में 69.01 प्रतिशत, 69 बेमेतरा में 71.33 तथा 70 नवागढ़ में 69.06 प्रतिशत अंतिम 5 बजे तक की स्थिति में प्रतिशत प्राप्त हुई है। अंतिम रूप से मतदान का प्रतिशत सभी मतदान केन्द्रों से मतदान संकलित होने पर अधिकृत रूप से जारी किया जा सकेगा। मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदाताओं ने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुऐ अपना निर्णय ई.व्ही.एम. एवं व्ही.व्ही. पैट में दर्ज किया।

# डिप्टी सीएम और जनप्रतिनिधियों ने किया मतदान

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों में वोटिंग शुरू हो गई. वहीं छत्तीसगढ़ की 7 लोकसभा सीट रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग, रायगढ़, सरगुजा और जांजगीर-चांपा में वोट डाले जा रहे हैं. सात लोकसभा सीटों में 168 प्रत्याशी मैदान पर हैं. इसी बीच सीएम विष्णुदेव साय श्रीराम मंदिर पहुंचे हैं.प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्रीराम मंदिर पहुंचकर प्रभु श्रीराम का दर्शन-पूजन किया है। यहां से वे जशपुर के लिए रवाना हो रहे हैं।

**डिप्टी सीएम ने सपरिवार डाला वोट :**
उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सपरिवार मतदान किया. अरुण साव ने शेफर्ड स्कूल स्थित बूथ में लाइन में खड़े होकर मतदान किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि विकसित भारत को लेकर युवाओं बुजुर्गों और महिलाओं में उत्साह का माहौल है. लोग बड़ी संख्या में मतदान कर रहे हैं।

**शशि सिंह ने डाला वोट :**
सूरजपुर लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी शशि सिंह आज अपने गृह ग्राम शिवपुर के पोलिंग भूत पहुंच कर अपना मतदान किया. साथ ही सभी सरगुजावासियों से ज्यादा से ज्यादा बोट करने की अपील किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे सरगुजा क्षेत्र से मुझे लोगों का अपार प्यार और आशीर्वाद मिला. निश्चित ही अगर जनता के आशीर्वाद और प्यार मिला तो सरगुजा की बेटी हूं, सरगुजा के लिए बहुत कुछ करने की सोच रखी हूं. सरगुजा की आवाज बनकर दिल्ली जाऊंगी.।

**मंत्री राजवाड़े ने किया मतदान :**
राज्य की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने गृह ग्राम बीरपुर के बोलिंग बूथ जाकर मतदान किया. लोकतंत्र के इस पर्व में लोगों से ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील भी की।

**ओपी चौधरी ने किया मताधिकार का उपयोग :**
रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के रायगढ़ विधायक और वित्त मंत्री ओपी चौधरी आयुर्वेदिक चिकित्सालय मतदान केंद्र 81 में पहुंचकर मतदान किया।

**विजय, प्रेम प्रकाश, देवेन्द्र ने किया मतदान :**
विधायक देवेंद्र यादव प्रेम प्रकाश पांडे एवं दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने किया मतदान किया है।

# रोजगार दिवस में श्रमिकों को गांव में उत्पादकता बढ़ाने वाले अवसरों की दी जानकारी

**✷ मनरेगा श्रमिकों को मिला 7 लाख 85 हजार मानव दिवस का रोजगार**

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत विभन्न रोजगार मुलक कार्य संचालित किये जा रहे है। इन कार्यों से जिले के 52 हजार 2 सौ 88 श्रमिकों को सीधे लाभ मिला रहा है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें योजना अतर्गत कम से कम 100 दिनों का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान, रोजगार के लिए पजीकृत आवेदक को 15 दिवस में कार्य देने, अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवारों को एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस के रोजगार के साथ ही ग्राम में जनोपयोगी एवं उत्पादकता बढ़ाने वाले संपत्तियों के सृजन का अवसर दिये जाने की जानकारी श्रमिकों को दी गई।

तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण कार्य, सिंचाई नहर नाली निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य भूमि सुधार, डबरी निर्माण कार्य, व्यक्तिगत कुंआ निर्माण कार्य, पुराने जलाशय नाला सफाई एवं पुनरूद्धार कार्य, तालाब गहरीकरण एवं पचरी पींचिंग कार्य, तालाब में इनलेट आउटलेट निर्माण कार्य, जल निकासी कच्ची नाली निर्माण कार्य, मिट्टी सड़क निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य नाडेप टंकी निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य सोकपिट निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य बकरी शेड निर्माण कार्य, सामुदायिक कम्पोस्ट निर्माण कार्य, सामुदायिक नाडेप टैंक निर्माण कार्य, ठोस अपशिष्ट तरल प्रबंधन कार्य, प्रधानमंत्री आवास में 90 दिन मजदूरी कार्य कराये जा रहे हैं। योजना के तहत 28 लाख 43 हजार मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से श्रमिकों द्वारा 7 लाख 85 हजार मानव दिवस सृजित किया गया है। अप्रैल माह से श्रमिकों को प्रति दिवस 243 रूपये का मजदूरी भुगतान किया जा रहा है। सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि रोजगार दिवस के आयोजन में मनरेगा से जुड़ी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर की जाने, नवीन जॉब कार्ड, लंबित मजदूरी भुगतान, कार्य मांगने सहित अन्य जानकारी से श्रमिकों को अवगत कराया जाता है, जिससे छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान और श्रमिकों को मजदूरी के लिए कई किलोमीटर का सफर कर जिला मुख्यालय पहुंचने की जरूरत नहीं पड़ती।

# लोकतंत्र के पर्व में एक साथ सहभागी बने चार पीढ़ियां

- ◆ आदर्श मतदान केन्द्र बी.पी. पुजारी स्कूल में किया मतदान
- ◆ क्यू में खड़े होने के बजाय बैंच में बैठकर किया बारी का इंतजार
- ◆ कराया हेल्थ चेकअप, मतदान प्रतीक्षाकक्ष में बिताया समय

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन-2024 में आज 07 मई मतदाताओं को उत्साह देखते ही बना। आज रायपुर उत्तर विधानसभा में सुंदर नजारा देखने को मिला। वहां जैन परिवार की एक साथ चार पीढ़ी मतदान करने पहुंची। यहीं नही इन्होंने सुबह उठते साथ सबसे पहले मतदान केन्द्र का रूख किया और पहले जलपान करने के बजाय सहपरिवार वोट करना उचित समझा। परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य 84 वर्षीय श्री बाबूलाल जैन के नेतृत्व में पूरा परिवार मतदान करने सुबह-सुबह ही उत्तर विधानसभा के बी.पी. पुजारी स्कूल पहुंच मतदान किया। यहीं नही उन्होंने मुख्य दरवाजे पर प्रवेश करने के पश्चात बी.पी-शुगर चेकअप करवाया। उसके बाद मतदाता प्रतीक्षाकक्ष में बैठकर अपना समय बिताया। जैन परिवार वोट देने के लिए बूथ की लाईन में लग गए, परंतु वहां की व्यवस्था देखकर खुश हुए और लाईन पर खडे होने के बजाय बैठने के लिए बैंच-चेयर व्यवस्था थी, वह भी महिला एवं पुरूष का अलग अलग। प्यास लगने पर बाहर जाने की जरूरत नही पड़ी वहीं पर स्टॉल पर जाकर पानी पिया।

इनमें चार पीढ़ी जिनमें बाबूलाल जैन उम्र 84, गेंदादेवी जैन उम्र 82, विजय जैन उम्र 64, साधना जैन उम्र 60, राकेश जैन उम्र 59, अतुल जैन उम्र 58, सरिता जैन उम्र 57, राजेश जैन उम्र 55, वर्षा जैन उम्र 54, मनीष जैन उम्र 54, मंजू जैन उम्र 50, रूपेश जैन उम्र 50, प्रीती जैन उम्र 48, दीपा जैन उम्र 43, अरिहंत जैन उम्र 34, स्नेहा जैन उम्र 30, अनंत जैन उम्र 30, नमन जैन उम्र 29, अदिति जैन उम्र 26, सजल जैन उम्र 26, उज्जवल जैन उम्र 24, राशि जैन उम्र 23, अक्षय जैन उम्र 18, तनय जैन उम्र 18 शामिल है जिन्होंने एक साथ वोट किया। श्री बाबूलाल जैन ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल होकर बहुत खुशी हो रही निर्वावन आयोग ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं। श्री मनीष जैन ने कहा कि मै हमेशा से मतदान करते रहा हूं मगर इस बार मैने देखा कि मतदाताओं के लिए वेटिंग रूम बनाए गए, पीने के पानी की व्यवस्था की गई। यहीं नही खड़े होकर लाईन लगने के बजाय बैठने के लिए बैंच मिला इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह एवं निर्वाचन आयोग का धन्यवाद देता हूं।

## कमिश्नर ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग




दुर्ग, 08 मई (एजेंसी)। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने आज सवेरे पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान केंद्र क्रमांक 171 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही मतदान केंद्र में की गई व्यवस्था प्याऊ घर में पेय पदार्थ भी ग्रहण किया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बजरंग दुबे अपनी माता और पत्नी के साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग में मतदान किया। मतदान करने के बाद हरे-भरे सेल्फी बूथ में सेल्फी ली।

## तापमान बढ़ने से ठंडे पेयपदार्थों एवं फलों की मांग बढ़ी

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। धीरे धीरे तापमान में वृद्धि होते हुए दिखाई दे रही है जिसका सर्वाधिक असर राजधानी के लोगों के समूहों का ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों में पहुंचना है। गर्मी में प्रयुक्त होने वाले पेय पदार्थ यथा शरबत , आमरस, लस्सी, छाछ, विभिन्न कंपनियों के पेय पदार्थ के साथ ही कलिंदर, तरबूज, ककड़ी, लिची आदि की दुकानों में खरीददारी करते हुए लोग दिखाई दिये। चिकित्सक डॉ. चंद्रमणी तिवारी के अनुसार ठंडे पदार्थों का सेवन शरीर में पैदा होने वाली अतिरिक्त ऊर्जा को सोखता है। लोगों को लू से बचने के लिए सिर एवं कानों को बचाने के लिए स्कार्फ, गमछा आदि बांधकर कामकाज के क्षेत्रों में जाना चाहिए। डॉ. तिवारी के अनुसार आने वाले समय में इस बार भीषण गर्मी पड़ने वाली है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते सिर्फ छग ही नहीं बल्कि पूरी विश्व की जलवायु में अचानक परिवर्तन हो रहे हैं। प्रकृति में असंतुलन आने वाले समय में लोगों के लिए घातक सिद्ध होगा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परिवार संग किया मतदान

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने गृह ग्राम बगिया के प्राथमिक शाला बूथ क्रमांक 49 में सपरिवार मतदान किया। मतदान के लिए श्री साय, मां जसमनी साय, पत्नी कौशल्या साय, बेटा तोशेंद्र साय, बेटी स्मृति साय, बहु राजकुमारी साय सहित पूरे परिवार ने लाइन में लगकर अपने बारी का इंतजार किया और मतदान किया। मतदान के बाद सीएम साय ने कहा कि जन-जन में मोदी और भाजपा के प्रति उत्साह है। विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लिए लोग कमल छाप पर जम कर मतदान कर रहे हैं। आगामी 4 जून को 400 पार होगा और प्रदेश की सभी 11 सीटें हम जीतेंगे। गौरतलब है कि आज लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में प्रदेश की 7 सीटों सहित देश के 93 सीटों पर मतदान हो रहा है। इसके साथ छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव संपन्न हो गये।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने पॉलीटेक्निक कॉलेज में किया वोटिंग




दुर्ग, 08 मई (एजेंसी)। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने आज सुबह 7 बजे पॉलिटेक्निक कॉलेज में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन सपत्नीक, एडीएम अरविंद एक्का, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर मुकेश रावटे, लवकेश ध्रुव, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र वर्मा ने भी अपनी पत्नी के साथ मतदान किया और हरे-भरे पत्तों से सजे सेल्फी बूथ में उत्साह के साथ सेल्फी ली।

## शंकरनगर लोधीपारा, शांतिनगर, मोवा सड्डू के मतदान केंद्रों में युवा मतदाताओं की उमड़ी भारी भीड़

रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। आज 18वीं लोकसभा की गठन के लिए रायपुर लोकसभा में मतदान में मतदाता जोरशोर से हिस्सा ले रहे हैं इस बार पाश कालोनी इलाकों से भी मतदाता घरों से निकलकर अपने अपने मतदान केंद्रों में मत देने के लिए कतारबद्ध दिये। शंकर नगर लोधी पारा, शांतिनगर, मोवा सड्डू, राजातालाब तेलीबांधा क्षेत्रों में सुबह आठ बजे से ही युवा मतदाता अपने मतों का प्रयोग करने के लिए घरों से मतदान केंद्र पहुंचे। क्षेत्र में पहली बार मत दे रही युवतियों ने चर्चा के दौरान बताया कि राष्ट्रीय महापर्व में हिस्सेदारी निभाने से उन्हें भी गर्व की अनुभूति हो रही है। गौरतलब है कि छग राज्य निर्वाचन आयोग कलेक्टर रायपुर एवं अन्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा लगातार मतदान पर्व में मत डालने की अपील विभिन्न संचार साधनों से की गई जिसके चलते मतदाताओं के मन में सारे काम छोड़कर मतदान केंद्र पहुंचने की गति भीड़ के रूप में दिखाई दी। शंकर नगर क्षेत्र के सबसे प्राचीन मतदान केंद्र बीटीआई में सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ अपने मतों का प्रयोग करने के लिए लंबी कतारबद्ध लाइन में दिखी। विभिन्न मतदान केंद्रों के पास स्थित शामियानों में विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के पास भी मतदाता अपनी पर्ची मतदाता सूची में तलाशते हुए दिखाई दिये। सेल्फी में फोटो खिचाने का सर्वाधिक प्रयोग युवा मतदाताओं ने किया। आज सुबह भी कलेक्टर रायपुर एयरटेल नंबर से मतादाओं से अपने मतों का प्रयोग करने की अपील करते हुए मोबाइल पर

## जामटोली मतदान केन्द्र में मतदाता की मौत

जशपुर-रायपुर, 08 मई (एजेंसी)। छत्तसीगढ़ की 7 लोकसभा सीटों में मतदान जारी है. इस बीच सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के जशपुर जिले से दुखद खबर सामने आई है. यहां मतदान करने पहुंचे बुजुर्ग मतदाता की मौत हो गई. वृद्ध मृतक का नाम तारसियुस टोप्पो बताया जा रहा है. घटना के बाद प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद है. यह पूरा लोदाम के जामटोली मतदान केंद्र क्रमांक 303 का है. बता दें कि छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के लिए 7 लोकसभा सीटों रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, दुर्ग, जांजगीर-चांपा और सरगुजा के लिए मतदान जारी है. सुबह 11 बजे तक 29.90प्रतिशत मतदान वोटिंग हुई है. सबसे ज्यादा मतदान अभी तक रायगढ़ में 32.92त्न हुआ है. जबकि सबसे कम बिलासपुर में 25.29त्न मतदान हुआ है. अंतिम चरण के चुनाव में कांग्रेस-भाजपा के दिग्गज नेताओं सहित 168 प्रत्याशी मैदान में हैं.इन प्रत्याशियों की किस्मत 1 करोड़ 39 लाख1 हजार 285 मतदाता तय करेंगे. तीसरे चरण में 82 हजार जवानों की ड्यूटी लगाई गई है.खास बात यह है कि प्रदेश में पहली बार प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड्स को भी चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है।

**पूर्व तट रेलवे**

(1) सूचना सं.: eT-West-WAT-09-2024
दिनांक: 01.05.2024

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियन्ता/जगदलपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन माल्लिगुड़ा (Ex) से सिलकझोड़ी (Ex) सेक्शन के बीच में 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए सिविल जोनल (Zonal) कार्य।

**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 1,42,88,891.64, EMD : ₹ 2,21,500/-

(2) सूचना सं.: eT-West-WAT-10-2024
दिनांक: 01.05.2024

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियन्ता/किरन्दुल के अधिकार क्षेत्र के अधीन सिलकझोड़ी (In) से किरन्दुल (In) सेक्शन के बीच में 30.06.2025 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए सिविल जोनल (Zonal) कार्य।

**विज्ञापित मूल्य :** ₹ 1,42,42,781.07, EMD : ₹ 2,21,200/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि (दोनों निविदाओं हेतु)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 23.05.2024 को 1500 बजे (दोनों निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-92/P/24-25